# अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक 2022

हाल ही में भारत ने अपने समग्र अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (IIP) स्कोर में 38.4% से 38.6% तक सुधार किया है और इसके परिणामस्वरूप भारत **अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक** में 55 देशों में से 43वें स्थान पर है।

- अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स द्वारा संकलित एक वार्षिक रिपोर्ट है।
- इस वर्ष (2022) अमेरिका 95.4% के साथ इस सूचकांक में शीर्ष पर है।

## अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक:

- 2020 यूएस चैंबर '**अंतर्राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक**' जिसका शीर्षक 'आर्ट ऑफ द पॉसबिल' है, उन अर्थव्यवस्थाओं के लिये एक खाका तैयार करता है जो अधिक प्रभावी बौद्धिक संपदा सुरक्षा के माध्यम से 21वीं सदी ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था बनने की इच्छा रखते हैं।
  - अपने आठवें संस्करण में सूचकांक 53 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में बौद्धिक संपदा पारिस्थितिकी तंत्र का मानचित्रण करता है, जो वैश्विक **सकल घरेलू उत्पाद** के 90% से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है।
  - सूचकांक **50 से अधिक अद्वितीय संकेतकों के साथ प्रत्येक उस अर्थव्यवस्था के लिये बौद्धिक संपदा ढाँचे का मूल्यांकन** करता है जो सबसे प्रभावी बौद्धिक संपदा प्रणालियों के माध्यम से अर्थव्यवस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- ये संकेतक किसी अर्थव्यवस्था के समग्र आईपी पारिस्थितिकी तंत्र का **एक ढाँचा तैयार करते हुए सुरक्षा की नौ श्रेणियाँ प्रदान** करते हैं-
  - पेटेंट (Patents)
  - कॉपीराइट (Copyrights)
  - ट्रेडमार्क (Trademarks)
  - डिज़ाइन का अधिकार (Design Rights)
  - व्यापार में गोपनीयता (Trade Secrets)
  - आईपी संपत्तियों का व्यावसायीकरण (Commercialization of IP Assets)
  - प्रवर्तन (Enforcement)
  - सर्वांगी दक्षता (Systemic Efficiency)
  - सदस्यता और अंतर्राष्ट्रीय संधियों का अनुसमर्थन (Membership and Ratification of International Treaties)

## यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स

- यह **विश्व का सबसे बड़ा व्यापार संघ** है जो आकार, क्षेत्रों तथा क्षेत्रों के साथ-साथ राज्य एवं स्थानीय कक्षों व उद्योग संघों के 3 मिलियन से अधिक व्यवसायों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है।
- इस समूह की स्थापना अप्रैल 1912 में राष्ट्रपति विलियम हॉवर्ड टैफ्ट और उनके वाणिज्य एवं श्रम सचिव 'चार्ल्स नागेल' के आग्रह पर स्थानीय वाणिज्य मंडलों के माध्यम से की गई थी।

## बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) संरक्षण हेतु भारत सरकार की पहलें

- भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1970
- राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) नीति 2016
- भारत विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) का भी सदस्य है, जो कि आईपीआर से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संधियों और सम्मेलनों को प्रशासित करता है।

## स्रोत: बिज़नेस स्टैण्डर्ड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-intellectual-property-index-2022